हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 जुलाई 2024

04 तहसील चौराहे की टूटी पड़ी रोटरी को अब दिया जा...



07 गुस्साए परिजनों ने खुजनेर थाने के सामने...





### डीईओ बोले सभी ब्लॉको में समितियों का किया गया है गठन, शिकायत मिलने पर करते हैं जांच

# विद्यार्थियों के कंधों पर बस्तों का बोझ, निजी स्कूलों में बैग पॉलिसी का नहीं हो रहा पालन

स्कूली बच्चों के बैग का वजन कम करने के लिए सरकार द्वारा बैग पॉलिसी पूरे प्रदेशभर के शासकीय और गैर शासकीय विद्यालयों में प्रभावशील की गई थी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

निजी स्कूलों की मनमानी से मासूम बच्चों के कंधे और कमर झुके जा रहे हैं। जबरन नौनिहाल के कंधों पर भारी भरकम बस्तों का बोझ डाला जा रहा है। ऐसे में उनके कंधे और कमर तो कमजोर हो रहे हैं, ऐसे में बच्चों की मानसिक और शारीरिक स्थिति पर भी बुरे प्रभाव पड़ रहे हैं। स्कूलों की मनमानी और जिम्मेदारों की लापरवाहियों के बोझ तले बच्चों का बचपन दबते जा रहा है।

गौरतलब है कि स्कूली बच्चों के बैग का वजन कम करने के लिए सरकार द्वारा बैग पॉलिसी पूरे प्रदेशभर के शासकीय और गैर शासकीय विद्यालयों में प्रभावशील की गई थी। अभिभावक मोनू कहते हैं उनका भतीजा निजी स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता है अभी से बस्ते में बहुत सी किताब और कापी लेकर जाता है। जितेन्द्र कुमार ने बताया कि इसी सत्र में बेटी अभी कक्षा पहली में है लेकिन बस्ते में दर्जन भर से ज्यादा कापी किताब होती हैं। अभिभावकों की बात स्कूल वाले नहीं सुनते इसलिए शिक्षा विभाग और अधिकारियों को निरीक्षण कर कार्रवाई करनी चाहिए।



राकेश कुमार ने बताया कि कलेक्टर ने स्कूलों को निर्देशित किया था इसके बाद भी निजी विद्यालयों ने एडमिशन, फॉर्म की फीस बढ़ा कर ली, साथ ही मासिक फीस में भी मनमानी से बढ़ोत्तरी कर दी गई है। वजन को लेकर को चार्ट स्कूलों में नहीं लगाया जा रहा है। समिति तो बनी पर निरीक्षण नहीं हुआ।

गौरतलब है कि कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर ब्लाक लेबल पर बैग पालिसी को फॉलो कराने समिति तो गठित कर दी है। समितियों में प्रशासनिक अफसरों के साथ ही शिक्षा विभाग के बड़े अफसर शामिल हैं। नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए एक माह बीत चुका है लेकिन समीतियों द्वारा विद्यालय में निरीक्षण नहीं किए जा रहे हैं और न ही निजी स्कूलों में बस्तों के वजन किए गए। जिससे निजी स्कूलों की मनमानी बदस्तूर जारी है। पालिसी के मुताबिक पहली कक्षा में बच्चे के बैग का वजन 1.6 से 2.2 किलोग्राम तक होना चाहिए लेकिन कक्षा पहली के बैग का वजन 5 किलो से भी अधिक हो रहा है।

### वजन चार्ट, होम वर्क भी नहीं

*बैग पालिसी में स्कूलों को निर्देश दिए गए थे कि विद्यालयों में नोटिस बोर्ड पर बस्ते के वजन का चार्ट लगाना है, कक्षा दो तक के बच्चों को होमवर्क नहीं देना है। सप्ताह में एक दिन बैग विहीन दिवस मनाना था, इस दिन पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों आयोजित करने के निर्देश थे। लेकिन निजी स्कूलों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है, तो वहीं जिम्मेदारों का रवैया भी काफी लचर है। जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में बैगों के वजन की जांच कराने का जिम्मा है लेकिन सत्र के एक माह बीत जाने पर भी विभाग और समीतियों की सक्रियता इस दिशा में दिखाई नहीं दी है।*

**बच्चों को प्रेशर न दें :** वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा गौरव ताम्रकार कहते हैं क्षमता से अधिक वजन उठाने के कारण बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास अवरूद्ध हो सकता है। पढ़ाई को लेकर स्कूल और पेरेंट प्रेशर न दें, छोटी कक्षाओं के बैग में सिर्फ दो कापी घर आनी चाहिए, बाकि कोर्स स्कूल में ही होना चाहिए।

### शिकायत मिलने पर जांच करते हैं

जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर का कहना है कि अलग-अलग ब्लॉकों में समीतियां गठित कर दी गई हैं। सभी को पत्र भी भेज दिए गए हैं। शिकायत मिलने पर जांच करते हैं।

## खबर संक्षेप

### बुदनी विस उप चुनाव, राजस्व मंत्री बने प्रभारी

**सीहोर।** बुदनी विधानसभा में होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को प्रभारी एवं पूर्व मंत्री रामपालसिंह को सह प्रभारी बनाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने प्रभारी और सह प्रभारी के नाम की घोषणा की है। भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बताया कि भाजपा ने जिले की बुदनी विस के होने वाले उप चुनाव को लेकर अभी से तैयारियां शुरु कर दी हैं। बता दें कि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान बुदनी विस क्षेत्र से विधायक थे। लोकसभा चुनाव में विदिशा सांसद बनने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। शिवराज सिंह चौहान वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री हैं।

### फुटबॉल टीम चयन की प्रक्रिया शुरू

**सीहोर।** 29 जुलाई से असम में होने वाली नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश का प्रतिनिधत्व करने वाली जूनियर टीम के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश के 80 टॉप खिलाड़ियों में से श्रेष्ठ 30 खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है। इन्हें कोच विपिन पवार, चंदन राठौर, शाहरुख कुरैशी प्रशिक्षण दे रहे हैं और फुटबॉल की बारीकियां सिखा रहे हैं। हर दिन सुबह के समय आवासीय खेलकूद संस्थान और शाम के समय चर्च ग्राउंड में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन 30 खिलाड़ियों में से सर्वश्रेष्ठ 20 खिलाड़ियों की टीम बनाई जाएगी।

### बस ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**सीहोर।** सलकनपुर क्षेत्र में मालिबाया से ओबेदुल्लागंज की ओर जाने वाले रोड पर शाम करीब 5:30 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। देलावाड़ी घाट पर एक निजी कॉलेज की बस ने तीन बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रेहटी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद होशंगाबाद रेफर किया गया। फिलहाल रेहटी पुलिस द्वारा बस को जब्त कर थाने ले जाया गया है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय का द्वारका प्रसाद पिता बच्चन लाल के रूप में हुई है।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा 9 नवंबर को

**सीहोर।** प्रदेश के सभी कॉलेजों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 9 नंवबर को सुबह 9 बजे से आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा छात्रों को नैतिक, चारित्रिक और सांस्कृतिक नव निर्माण और भारतीय संस्कृति के विकास के लिए आयोजित की जाएगी।

## जिले में अब तक 313.6 मिलीमीटर औसत बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 0.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 2, आष्टा में 1, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से 19 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 313.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 460.3 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से 19 जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 401.5, मिलीमीटर, श्यामपुर में 372.5, आष्टा में 315, जावर में 225, इछावर में 520.5, भैरूंदा में 203.2, बुधनी में 194 तथा रेहटी में 277.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### एससी-एसटी एक्ट में आरोपी को आजीवन कारावास और एक-एक हजार का अर्थदंड

**सीहोर।** न्यायालय के समक्ष दिए गए अभियोजन तर्कों से सहमत होकर विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी हेमंश जोशी ने अभियुक्तगण जमुना बाई बैरागी पत्नी जुगलदास , जुगलदास बैरागी पिता रामदास बैरागी, प्रेमदास उर्फ डब्बू बैरागी पिता जुगलदास, लक्ष्मण उर्फ गोलू बैरागी निवासी छिदगांव मोजी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। फरियादी जितेंद्र ने बताया कि घटना 25 जून 2021 की है। गांव के अंदर उसका छोटा भाई कालू उर्फ हरिओम बनिया की दुकान पर दूध लेने मोटर साइकिल से विक्की उर्फ विकास के साथ गया था वह जैसे ही गांव छिंदगांव मौजी में राम जानकी मांदिर के पास पहुंचा तो उसी गांव के डब्बू बैरागी ने उसके भाई कालू से कहा की मोटर साइकिल धीरे-धीरे चला, उसने बोला कि मैं गाडी धीरे चला रहा हूं। इसी बात पर से डब्बू बैरागी ने कालू को गालियां देते हुए जातिगत अपमानित किया। इस बात पर कालू ने फोन लगा कर कहा कि डब्बू मुझे गालियां देकर मेरे साथ मारपीट कर रहा है। तो मैंने जाकर देखा तो मरे भाई कालू उर्फ हरिओम को चारो आरोपी जमुनाबाई बैरागी पत्नी जुगलदास , जुगलदास बैरागी पिता रामदास बैरागी , प्रेमदास उर्फ डब्बू बैरागी पिता जुगलदास, लक्ष्मण उर्फ गोलू बैरागी लात मुक्को से पेट में मारपीट कर रहे हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर विवेचना की सम्यक कार्यवाही पूर्ण करने के बाद अंतिम प्रतिवेदन विशेष न्यायालय एट्रोसिटी सीहोर में प्रस्तुत किया गया। जहां चारों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक एनएस मेवाड़ा ने की।

## माता-पिता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति :पंडित प्रदीप मिश्रा

### कुबेरेश्वरधाम पर रविवार को लगेगा गुरुपूर्णिमा का महाकुंभ, आज शिवमहापुराण का अंतिम दिवस





**सीहोर।** माता-पिता की सेवा करने से ही ईश्वर की सच्ची भक्ति होती है, घर में ही ईश्वर है फिर भी लोग ईश्वर की भक्ति के लिए दर-दर भटकते रहते हैं। अगर मानव को ईश्वर की सच्ची भक्ति करनी है तो अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा करते हुए उन्हेंने खुश रखे। इस संसार में सभी बुद्धिमान है, लेकिन बुद्धि की शुद्धि करने की जरूरत है, बुद्ध बनने के पहले हमें शुद्ध होना पड़ेगा। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में जारी सात दिवसीय शिव महापुराण के छठवे दिन कथा में आए लाखों की संख्या श्रद्धालुओं के मध्य अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। शुक्रवार को करीब ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। यहां पर लगाए गए तीन पंडाल में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। शनिवार को कथा का समापन किया जाएगा, वहीं रविवार को एक एक दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### बुजुर्गों, माता-पिता की सेवा में जुटे रहे तो भी परमात्मा की प्राप्ति हो सकती

गुरुदेव पंडित मिश्रा ने कहा कि यहां निर्मल चित्त, निस्वार्थ भाव से कि गई हर कामना पूरी होती है। ईश्वर को पाने, मोक्ष पाने की लालसा सभी में रहती है। परमात्मा को पाना है तो जप, तप, भजन, कीर्तन, सत्संग बिना मोह, लालच के करोगे तो परमात्मा जरुर मिलेंगे। जरुरी नहीं कि शिव, राम, कृष्ण भजते रहो। बुजुर्गों, माता-पिता की सेवा में जुटे रहे तो भी परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है। संसार के सभी धर्म माता-पिता के सम्मान की सीख देते हैं। उनकी सेवा ही ईश्वर की सेवा है। जिन्होने हमे जन्म देकर इस संसार में आने का अवसर दिया और हमारी लालन में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे में माता-पिता का तिरस्कार करना ईश्वर का अपमान है। उन्होंने कहा कि संत पुंडलिक माता-पिता के परम भक्त थे। एक दिन वे अपने माता-पिता के पैर दबा रहे थे कि श्रीकृष्ण वहां प्रकट हो गए। वे पैर दबाने में इतने लीन थे कि अपने इष्टदेव की ओर उनका ध्यान ही नहीं गया। तब प्रभु ने उन्हें स्नेह से पुकार कर कहा, पुंडलिक, हम तुम्हारा आतिथ्य ग्रहण करने आए हैं। पुंडलिक ने जब उस तरफ देखा, तो भगवान के दर्शन हुए। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी शयन कर रहे हैं, इसलिए आप इस ईंट पर खड़े होकर प्रतीक्षा कीजिए और वे पुनः पैर दबाने में लीन हो गए। भगवान पुंडलिक की सेवा और शुद्ध भाव देखकर प्रसन्न हो गए और कमर पर दोनों हाथ धरकर और पैरों को जोड़कर ईंटों पर खड़े हो गए। कुछ देर बाद पुंडलिक ने फिर भगवान से कह दिया कि आप इसी मुद्रा में थोड़ी देर और इंतजार करें। भगवान को पुंडलिक द्वारा दिए गए स्थान से भी बहुत प्रेम हो गया। उनकी कृपा से पुंडलिक को अपने माता-पिता के साथ ही ईश्वर से साक्षात्कार हो गया। ईंट पर खड़े होने के कारण श्री वि_ल के विग्रह रूप में भगवान आज भी धरती पर विराजमान हैं। यही स्थान पुंडलिकपुर या अपभ्रंश रूप में पंढरपुर कहलाया।

### आंतरिक रूप से शुद्ध होने के लिए व्यक्ति को सत्संग में आना चाहिए

उन्होंने कहा कि आंतरिक रूप से शुद्ध होने के लिए व्यक्ति को सत्संग में आना चाहिए और पवित्र उपदेशों का पालन करना चाहिए। इससे वह दुखों, चिंताओं और तनावों से मुक्त हो जाएगा और साथ ही वह ईश्वरीय आनंद पाने के योग्य बन जाएगा। इसलिए दिव्य दृष्टि, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पाने के लिए व्यक्ति को भगवान के वचनों का जाप करना चाहिए।

### 11 वीं-12 वीं में संस्कृत को एडिशनल विषय के रूप में लेने की स्वीकृति दी जाए

# प्रांतीय शिक्षक संघ ने संस्कृत विषय को अनिवार्य करने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

प्रांतीय शिक्षक संघ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई संस्कृत भाषा भारतवर्ष की गौरवमयी देववाणी तथा सभी भाषाओं की जननी है, जिसमें प्राक्काल से सर्व मानव हितार्थ अपार ज्ञान-विज्ञान की धारा प्रवाहित होती रही। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी मन की बात कार्यक्रम की 111 वें प्रसारण में संस्कृत भाषा के महत्व का उल्लेख करते हुए में देशवासियों के लिए संस्कृत भाषा को सम्मान देते हुए दिनचर्या में जोड़ने की की बात कही गई है। मांग की गई है कि कक्षा 9 वीं तथा 10 वी में त्रिभाषा सूत्र के अनुसार ही किसी अन्य भाषा के विकल्प में ही संस्कृत भाषा के चयन या छोड़ने का प्रावधान हो। संस्कृत भाषा को व्यावसायिक शिक्षा के साथ वैकल्पिक व्यवस्था के नियम से पृथक करते हुए त्रिभाषासूत्र के अन्तर्गत अनिवार्य और स्वतन्त्र विषय के रूप में रखा जाए।



कक्षा 11 वीं 12 वीं में संस्कृत को एडिशनल विषय के रूप में लेने की स्वीकृति प्रदान दी जाए। त्रिभाषा सूत्र का उल्लंघन ना हो क्योंकि त्रिभाषा सूत्र और छात्र के लिए बहुभाषिकता की बात नई शिक्षा नीति 2020 में की गई है किंतु व्यावसायिक शिक्षा को तीनों भाषा के विरुद्ध जोडक़र के बहुभाषिकता का हनन हो रहा है अतः आदरणीय इस संदर्भ में संज्ञान लेते हुए नई शिक्षा नीति के अंतर्गत त्रिभाषा सूत्र का उल्लंघन ना हो अतः व्यावसायिक शिक्षा को इससे पृथक रखने का कष्ट करें। व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को समझते हुए छात्र तब और अधिक उत्साहित हो पाएंगे और इसका लाभ ले पाएंगे जब कि पृथक रूप से व्यावसायिक शिक्षा से सम्बन्धित स्वतन्त्र रूप से 1 वर्षीय-2 वर्षीय डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट प्रचलन में आएंगे। इन डिप्लोमा या सर्टिफिकेट्स के लिए विद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्रों से कोई शुल्क न लिया जाए। भविष्य में जब कभी भी नौकरी आदि के लिए आवेदन करेंगे तो अपने बायोडाटा/रिज्यूम में अलग से डिप्लोमा या सर्टिफिकेट के रूप में मेंशन कर सकेंगे।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी नरेश मेवाड़ा, राजेन्द्र परमार, विक्रम देव, धर्मेन्द्र शर्मा, पवन पारासर, पवन आर्य, हेमन्त मालवीय, जितेन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा, भगवान सिंह परमार, हेमसिंह मेवाड़ा, गोपाल कृष्ण त्यागी, तेजसिंह मेवाड़ा, अर्जुन सिंह, विष्णु प्रसाद परमार, आनन्द चन्देल, दूरदर्शी मेवाड़ा, निर्भय सिंह, जगदीश चन्द्रवंशी, अरूण शर्मा, विक्रम आर्य, मनोज शर्मा, तोरण नाथ, आयूष वर्मा, बलराम आर्य, राजेश परमार, संजय इटावदिया, रविन्द्र शर्मा, ओ.पी.सेन, अरूण शर्मा, जितेन्द्र, रविन्द्र प्रताप यादव, राकेश केलोदिया आदि शामिल हैं।

## जान-जोखिम में डालकर पटरी कर रहे पार

### लापरवाही : रेलवे स्टेशन पर यात्री नियमों का नहीं कर रहे पालन



**सीहोर।** इस समय सीहोर रेलवे स्टेशन पर कुबेरेश्वर धाम आने-जाने वाले श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा हुआ है। हर दिन स्टेशन पर हजारों श्रद्धालु परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। वहीं रेलवे स्टेशन पर यात्रियों द्वारा सरेआम रेल नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्टेशन पर कोई भी ट्रेन आते ही रोजाना सैकड़ों यात्री ओवर ब्रिज की बजाय पटरी पार कर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आते-जाते हैं।

कई बार तो पटरी पर ट्रेन आने के दौरान भी लोग पटरियों के ऊपर से आते-जाते नजर आते हैं। यह स्थिति शहर के रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगह भी बनी हुई है। लोगों को रेलवे पटरी पार करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। उनकी इस लापरवाही से हमेशा जान जाने की स्थिति बनी रहती है।

### दुर्घटनाओं के बाद भी सबक नहीं ले रहे लोग

इस समय स्टेशन पर कुबेरेश्वर धाम जाने वाले यात्रियों की भीड़ लगी हुई है। वहीं शहर में कई जगह शादी समारोह में शामिल होने हर दिन कई लोग यात्रा कर रहे हैं। कई बार सिग्नल होने के बाद भी लोग छोटे बच्चे को साथ लेकर भी लाइन क्रॉस करते नजर आ जाते हैं। रेलवे लाइन क्रॉस करते समय लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** शासकीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की जानी है। इसके लिए इच्छुक नए आवेदकों को जीएफएमएस पोर्टल पर नवीन पंजीयन करना आवश्यक है। नवीन पंजीयन के लिए आवेदक को लिंक https://www.gfms.mp.gov.in के माध्यम से पजीकरण करना होगा। आवेदक शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता की जानकारी दर्ज कर परीक्षण कर अपडेट करें। मप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 या उसके उपरांत उत्तीर्ण की जानकारी दर्ज कर अपडेट करें। पंजीकरण में दर्ज समस्त योग्यताओं की मूल अंकसूची लेकर संकुल प्राचार्य से आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन करायें। संकुल प्राचार्य द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापन के बाद स्कोर कार्ड जनरेट होगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने जानकारी दी कि पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को पुनः पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व से पंजीकृत आवेदक नवीन शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता दर्ज करने के लिए प्रोफाइल अनलॉक करें, इसके बाद नवीन शैक्षणिक एय व्यवसायिक योग्यता की जानकारी अपडेट, संशोधन करे। आवेदकों को योग्यताओं के अपडेशन, संशोधन करने के बाद संकुल प्राचार्य से ऑनलाइन सत्यापन कराना होगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संकुल प्राचार्यों को आवेदको द्वारा आवेदन में दर्ज समस्त योग्यताओं का मूल दस्तावेजों से मिलान कर जानकारी सत्य पाये जाने पर पोर्टल से ऑनलाइन सत्यापन का कार्य करने एवं आवेदन सत्यापन के उपरांत आवेदक को प्रिंट निकालकर देने के निर्देश दिए गए हैं।

### अग्निवीर के लिए आवेदन 28 तक

**सीहोर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए ऑनलाईन आवेदन 8 जुलाई से 28 जुलाई तक किए जा सकेंगे। इच्छुक युवा आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिनका जन्म 3 जुलाई 2004 और 3 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है वह युवा आवेदन करने के लिये पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### टक्कर से हुई थी क्षतिग्रस्त रोटरी बड़ी होने से वाहनों को निकलने में होती थी दिक्कत

# तहसील चौराहे की टूटी पड़ी रोटरी को अब दिया जा रहा है नया रूप

तहसील चौराहे से हर दिन सैकड़ों बड़े और भारी वाहन निकलते हैं। तहसील चौराहे की रोटरी छोड़कर शहर में बनी बाकी सभी रोटरियां छोटी है। रोटरी बड़ी होने से बड़े वाहनों को मुड़ने में दिक्कत होती थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कई महीनों से टूटी पड़ी तहसील चौराहे की रोटरी की बाउंड्रीवॉल बनाने का काम शुरू हो गया है। इससे पहले टूटी पड़ी पुरानी रोटरी की बाउंड्रीवॉल को हटाया गया। बता दें कि कुछ महीनों पहले तहसील चौराहे की रोटरी वाहनों की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसे अब नए सिरे से बनाया जा रहा है। एक-दो दिन में बनकर तैयार हो जाएगी। इसके साथ ही रोटरी के साइज को छोटा किया जा रहा है ताकि वाहनों को निकलने में दिक्कत ना हो।

तहसील चौराहे से हर दिन सैकड़ों बड़े और भारी वाहन निकलते हैं। तहसील चौराहे की रोटरी छोड़कर शहर में बनी बाकी सभी रोटरियां छोटी है। रोटरी बड़ी होने से बड़े वाहनों को मुड़ने में दिक्कत होती थी। साथ ही वाहनों की टक्कर से बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाती थी। लेकिन अब रोटरी को नए सिरे से बनाया जा रहा है और साथ ही छोटा किया जा रहा है। जिससे बड़े और भारी वाहनों को आवागमन में परेशानी ना हो।



**शहर में इन जगहों पर है रोटरियां**

नदी चौराहा की रोटरी, लुनिया चौराहा, कोतवाली चौराहा, तहसील चौराहा, शुगर फैक्ट्री चौराहा, कलेक्ट्रेट बंगला चौराहा, एमपीवी चौराहा की रोटरी पहले से ही छोटी बनाई गई थीं। रोटरी छोटी होने से आवागमन सुचारु रूप से चलता रहता है। शहर के सौंदर्यीकरण के लिए इन रोटरियों को प्रशासन और सामाजिक संस्था की मदद से बनवाया गया था।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कलचुरी समाज का प्रतिनिधि मंडल अर्चना जायसवाल के नेतृत्व में मिला



**सीहोर।** महेश्वर मप्र में कलचुरीवंश के आराध्यदेव राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन महाराज की भव्य आदमकद प्रतिमा लगाने सहित अनेक समाज हितेषी मांगों को लेकर राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. अर्चना जायसवाल और प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय के नेतृत्व में कलचुरी समाज का प्रतिनिधिमंडल भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से मिला। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया की समाजजनों की मांग को शीघ्र ही पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। कलचुरी वार्ता के 7वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय ने जानकारी देते हुए बताया कि मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से कलचुरी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ संयोजिका डॉक्टर अर्चना जायसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को भोपाल में प्रातः 11 बजे मिलकर मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ, भगवान सहस्त्रार्जुन महाराज का चित्र और मोती माला से स्वागत भी किया। इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने मुख्यमंत्री जी से मांग की महेश्वर में भगवान सहस्त्रार्जुन भगवान की भव्य एवं आदमकद मूर्ति स्थापित की जाए साथ ही पूरे भारतवर्ष से आने वाले समाज जनों के लिए 100 कमरों का कलचुरी भवन का निर्माण किया जाए साथ ही समाज हितेषी अनेक मांगों को भी प्रमुखता से रखा।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय ने अर्चना जायसवाल का आभार मानते हुए कहा कि कलचुरी समाज निश्चित ही जायसवाल के नेतृत्व में नवीन आयाम छू रहा है शीघ्र ही महेश्वर में भगवान की भव्य मूर्ति की स्थापना होगी यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। समाजसेवी जयनारायण चौकसे ने 3-4 अगस्त को भोपाल में होने जा रहे आयोजन के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित भी किया। प्रतिनिधि मंडल में भोपाल महापौर मालती राय, वरिष्ठ समाजसेवी जयनारायण चौकसे, प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय सीहोर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय, मप्र महिलाध्यक्ष मनीषा किशोर राय, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत राय, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर लाल राय, वरिष्ठ अधिवक्ता एमएल राय, प्रदेश उपाध्यक्ष सुधाकर राऊत, प्रदेश सचिव धीरज मालवीय, राजन सेवईवार, धनेंद्र धुवारे, प्रकाश मालवीय, कलचुरी वार्ता समाचार पत्र प्रधान संपादक राजेश राय उज्जैन सहित अनेक समाजजन मौजूद थे।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्मोत्सव समिति सीहोर का किया गया गठन



**सीहोर।** देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वीं जन्म जयंती वर्ष को सारा देश उल्लास एवं उत्साह से मना रहा है। पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सारा देश परिचित हो, इस उद्देश्य से सम्पूर्ण देश में जिला स्तर पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति का गठन किया गया है।

समिति के द्वारा वर्ष भर में अनेक कार्यशालाएँ, सेमिनार तथा सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोकमाता के साहित्य का प्रकाशन किया जावेगा। लोकमाता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ तीर्थ स्थलों के चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित होंगी । ललित कलाओं जैसे संगीत, नाटक, चित्रकला आदि के माध्यम से देवी अहिल्याबाई के जीवन को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। समिति के प्रांतीय संरक्षक सुरेन्द्र जी मिश्रा ने सीहोर जिले की समिति की घोषणा की।

समिति के पालक भारत सोनी, संरक्षक डा . सुधा लाहोटी सेवानिवृत्त प्राध्यापक व विजय जोशी सेवा निवृत बैंक प्रबंधक अध्यक्ष - अर्जुन धनगर श्यामपुर, उपाध्यक्ष नंद किशोर आर्य आष्टा व सुनीता सोनी सीहोर,सचिव प्रताप मेवाड़ा सीहोर, सह सचिव प्रभु जी धनगर आष्टा, कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र वशिष्ट, कार्यकारिणी सदस्य में सत्येन्द्र जी सूर्या फाउन्डेशन, इजी. राजकुमार धनगर संस्कार स्कूल, झागरिया, इंजी.राजेश पाठक सीहोर, गुलाब जी इछावर, निर्मल बैरागी आष्टा, दयाशंकर शर्मा जावर, अनार सिंह कोठरी, राजेन्द्र देशमुख सीहोर, सुरेन्द्र यादव सीहोर, प्रियंका नामदेव सीहोर, स्मृति मिश्रा मैना, सरस्वती तोमर सीहोर, उषा शर्मा सीहोर, सुनीता शर्मा श्रेया सीहोर घोषित किए गए।

### अस्पतालों में टीबी रोग का उपचार निःशुल्क

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

## ट्रक ने गाय को रौंदा-मौत, चालक को लोगों ने पकड़ा



**सीहोर।** बुदनी में गुरुवार को शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के सामने एक ट्रक चालक ने एक गाय को टक्कर मार दी। जिससे गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद ट्रक चालक और कंडक्टर ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक लापरवाही से चला रहा था, टक्कर मारने के बाद ड्राइवर, लोकेश मेहरा और उसके कंडक्टर, रामकृष्ण उर्फ भूरा ने भागने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों ने उनका पीछा कर और पकड़ लिया। इस दौरान उनमें झड़प भी हुई, जिसमें एक बैंक के गार्ड दाहिने हाथ में चोट लग गई। लोगों ने आरोपियों को स्थानीय पुलिस स्टेशन ले जाया गया है, जहां औपचारिक शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया है, जो चालक और उसके कंडक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं गोरक्षा समिति के सदस्यों ने गाय का पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया।

## रेलवे के जनरल मैनेजर को सौंपा ज्ञापनः मानव अधिकार मंच ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के लिए कैमरे सहित अन्य मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



निर्माण कार्यों पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी सीहोर रेलवे स्टेशन उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। स्टेशन पर प्रयागराज, इंदौर-पटना, इंदौर-हावड़ा, अहमदाबाद-गोरखपुर, शिप्रा एक्सप्रेस इंदौर-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेनों का का स्टापेज नहीं है।

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। स्टेशन के दोनों प्लेट फॉर्म पर बोगी नंबर स्क्रीन नहीं लगाई गई है। एकल टिकट खिड़की के कारण यात्री टिकट ही नहीं ले पा रहे हैं। यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा के लिए स्टेशन पर सीसी टीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए है। सर्व-सुविधा युक्त शौचालय भी नहीं है। जिस वजह से महिला यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना होता है।शहर के स्थानीय और बाहर से आने वाले यात्रियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण और रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की कमियों दूर करने को लेकर मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान के नेतृत्व पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने रेलवे के जनरल मैनेजर को ज्ञापन दिया है।

जनरल मैनेजर,से चर्चा के दौरान समाजसेवी खान ने कहा कि मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के यात्रियों की समस्या का निराकरण किया जाए और स्टेशन से गुजरने वाली प्रयागराज डॉ. अंबेडकर नगर, इंदौर-पटना, इन्दौर-हावड़ा, अहमदाबाद-गोरखपुर, शिप्रा एक्सप्रेस इन्दौर-हावड़ा ट्रेनों का स्टॉपेज सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से रुकी ट्रेन ओवर नाइट जबलपुर इंदौर को दोबाराः रोकी जाए और महिला सहित दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए सर्व-सुविधा युक्त शौचालय का निर्माण दोनों प्लेट फॉर्म पर किया जाए। वर्तमान में स्टेशन पर रुकने वाली अम्बेडकर नगर,इंदौर भोपाल इंटर सिटी, उज्जैन भोपाल स्पेशल लोकल, जयपुर अजमेर, इंदौर बिलासपुर,भगत की कोठी जबलपुर नागपुर, इंदौर छिदवाड़ा ट्रेनों के लिए दोनों प्लेट फॉर्म पर बोगी नंबर स्क्रीन लगाए जाए। जिससे यात्रियों को अपना सीट नंबर ढूंढने में आसानी हो।

यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए डबल टिकट खिड़की संचालित की जाये जिससे की सभी टिकट लेकर यात्रा पूरे कर सकें। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और कीमती समान की सुरक्षा पुख्ता की जाए सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए जाए।

## गुरु पूर्णिमा के पर्व पर किया जा जाएगा गुरुजनों और वरिष्ठजनों का सम्मान



**सीहोर।** गुरुवार को दोराहा मंडल की कामकाजी बैठक पाल वाले बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण में रखी गई थी जिसमें मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि इस बैठक में वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में समस्त कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों तक जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय और सीहोर विधानसभा के विधायक सुदेश राय के निर्देश पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंडल के सभी ग्राम पंचायतों में एक पेड़ मां के नाम अभियान आदि किया जा रहा है। इसके अलावा आगामी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुजनों और वरिष्ठजनों के सम्मान की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें 23 जून से 4 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रारंभ हो गया है एवं 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुजनो वृद्ध जनो का सम्मान एवं 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के रूप में मानना एवं रानी अहिल्याबाई होल्कर रानी दुर्गावती के जन्मोत्सव को महिला शक्ति के लिए प्रोत्साहन करना जैसे कई विषयों पर बैठक में चर्चा की गई। विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि हमारे शीर्ष नेतृत्व विधायक सुदेश राय के निर्देशानुसार कहा गया कि प्रत्येक कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा क्योंकि चुनाव से पहले तो कई नेता द्वार द्वार आते हैं लेकिन हमें चुनाव के बाद भी हर द्वार पर नतमस्तक होकर जाना होगा और उनके कार्य के प्रति रुचि रखनी होगी, कार्यक्रम में दोराहा मंडल भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## पिकअप को छोड़कर भाग गए बदमाश, 21 नग सागौन के जब्त



**भैरुंदा ।** बुधवार-गुरुवार की रात जंगल से सागौन काटकर ले जा रहे बदमाशों की पिकअप का वन विभाग के अमले ने करीब 3 किमी तक पीछा किया। आखिर में खुद को घिरता देख बदमाश जंगल में ही पिकअप छोड़कर भाग गए। ऐसे में वन विभाग ने पिकअप में 21 नग सागौन के जब्त किए हैं। रात करीब 2.30 बजे वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि बोलेरो पिकअप में लकड़ी भरकर आ रही है। टीम ने रास्ते पर पत्थर एवं लकड़ी रखकर पिकअप रोकने का प्रयास किया। लेकिन वन अमले को देखकर बदमाश बोलेरो को और तेज भगाकर निकल गए। इसके बाद वन विभाग की टीम ने भी करीब 3 किमी तक पिकअप का पीछा किया। आखिर में बदमाश गांव कोसमी सिंहपुर के बीच मुख्य मार्ग पर पिकअप को खड़ी करके अंधेरे में भाग निकले। अमले ने पिकअप से पीली तिरपाल हटाकर देखा तो उसमें सागौन गोले 21 नग भरे हुए थे। जिसे जब्त कर रेंज प्रांगण लाड़कुई लाया गया। जब्त लकड़ी की कीमत 1 लाख 6 हजार रुपए और पिकअप का मूल्य 5 लाख आंका गया है।

### सामाजिक संस्था संडे सुकून ने जहां-जहां रखवाए थे गमले, उन्हें भी किया क्षतिग्रस्त

# लोटिया पुल की रेलिंग निकाल ले गए असामाजिक तत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



असामाजिक तत्व लगातार शहर में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पहले लक्कड़ पुल की रेलिंग चोरी, फिर शहर के सौंदर्याकरण के लिए सामाजिक संस्था संडे सुकून की टीम द्वारा जगह-जगह रखवाए गमलों को क्षतिग्रस्त और अब शहर के इंदौर नाका स्थित लोटिया पुल की रेलिंग निकाल ले गए।

पुल पर ये रेलिंग लोगों की सुरक्षा के लिए लगाई जाती हैं, ताकि कोई हादसा होने पर नीचे गिरने से बचा जा सके, लेकिन रात के अंधेरे में पुल से रेलिंग चोरी कर असामाजिक तत्व कबाड़ियों को बेच देते हैं। इस पुल से हर दिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। पुल पर रेलिंग नहीं होने से किसी दिन बड़ी घटना का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे ही असामाजिक तत्व कई सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे। टाउन हाल पर लोगों के बैठने के लिए रखीं सीमेंटेड कुर्सियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। यहां रात में हर दिन कई लोग घूमने आते हैं और घंटों तक बैठे रहते हैं।

**लक्कड़ पुल की भी रेलिंगचोरी लोटिया पुल की तरह ही :** असामाजिक तत्व लक्कड़ पुल की रेलिंग चोरी करके ले गए। इस पुल पर नपा हर बार नई रेलिंग लगवाता है, लेकिन ये लोग हर बार रेलिंग निकालकर ले जाते हैं। साथ ही पुल को व क्षतिग्रस्त भी कर देते हैं। इस पुल से सुंदरवन, ऑफिससर्स कॉलोनी के लिए आना-जाना होता है। फिर भी किसी को नहीं दिखता।

### बैठक कर राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर जयंती मनाने और चल समारोह की तैयारी की रूपरेखा पर की चर्चा



**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रण बांका राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर की जयंती उत्सव मनाने के लिए स्थानीय राठौर धर्मशाला सीहोर में आमसभा का आयोजन किया गया। दुर्गा राठौर राजपूत योद्धा थे, जिन्होंने मुगल शासक ओरंगजेब को युद्ध में पराजित किया था। दुर्गादास राठौड़ 17 वीं सदी में राजा जसवंत सिंह के निधन के पश्चात मारवाड़ राठौर वंश को बनाए रखने का श्रेय जाता है। जयंती आमसभा बैठक शुक्रवार को राठौर क्षत्रिय समाज अध्यक्ष सतीष राठौर की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से हरीश राठौर गल्ला मंडी को चल समारोह अध्यक्ष चुना गया एवं चल समारोह को भव्य स्वरूप देने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर सभी ने अध्यक्ष हरीश राठौर को पुष्पमाला पहनकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत करने वालों में राठौर समाज अध्यक्ष सतीश राठौर, महामंत्री जितेंद्र राठौर, वेद प्रकाश राठौर, त्रिलोकचंद राठौर, मीडिया प्रभारी अशोक राठौर, सुरेंद्र राठौर, राजेंद्र राठौर, संतोष राठौर, रामचंद्र बाबा बिजोरी, डॉ. पूरन लाल राठौर, राजेश राठौर, नंदलाल राठौर, प्रमोद राठौर, भोला राठौर ,सत्यम राठौर, दीपांशु राठौर नट्टू , सुमित राठौर, अजय राठौर, देवेंद्र राठौर, रामदयाल सोमरान सहित राठौर समाज वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रमोद राठौर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# गुस्साए परिजनों ने खुजनेर थाने के सामने किया चक्का जाम

## हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की कर रहे थे मांग, एसडीओपी व पूर्व विधायक की समझाइश के बाद खोला जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

ग्राम बखेड़ में दो पक्षों में विवाद के चलते एक महिला की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन मृतक को लेकर खुजनेर हॉस्पिटल पहुंचे थे जहां मृतक धापू बाई पति प्रभुलाल उम्र 60 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया था। जिसके बाद गुरुवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम किया वही परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज करवाने की मांग को लेकर खुजनेर थाने के सामने जाम लगा दिया व शव को रोड पर रखकर बैठ गए। करीब 10 बजे से 3 बजे तक रोड पर चक्काजाम किया परिजन के लड़के का आरोप था की कल शाम को मुझे मारा और मेरी मम्मी आई बचाने तो मेरी मम्मी को भी मारा और जान से मार दिया कल शाम हमारी थोड़ी सी मगजमारी हुई थी जिसके बाद ये तीनो भाई व इनके घर की औरते ने मेरे घर पर आकर मुझे मारने लग गए चोट भी आई और मुझे बचाने जब मेरी मम्मी आई तो मेरे को छोड़कर कर मेरी मम्मी को मारने लग गए हैं, जिससे चोट आई और नीचे गिर फिर खुजनेर हॉस्पिटल लेकर आए तो डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस नहीं कर रही थी मुकदमा दर्ज ,गुस्साए परिजनों ने किया थाने का घेराव

*फिर पोस्टमार्टम करवाया है लेकिन फिर भी पुलिस आरोपी पर मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है गुस्साए परिजनों ने खुजनेर थाने के सामने करीब 4 से 5 घंटे तक शव को रोड पर रखकर जाम लगा दिया जिससे लंबा जाम लग गया व आवागमन भी बाधित रहा परिजन ना मानने पर जिसके बाद 3 बजे एसडीओपी दिनेश शर्मा मौके पर पहुंचे उनकी समझाइस के बाद भी परिजन ना माने जिसके बाद पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर भी पहुंचे उसके बाद परिजनों के साथ एसडीओपी से चर्चा की इसके बाद परिजनो ने जाम खोला व शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर गए खुजनेर थाना प्रभारी अनिल राय का कहना हे कि मर्ग कायम कर पोस्टमार्डम करवाया गया है इस मामले की जांच के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। परिजनों का कहना अभी मर्डर कायम कर गिरफ्तार करो पुलिस को जो सुनवाई करना था जो कार्रवाई करना था वह सब कर दिया गया है। यह तो एक तरह से पुलिस के ऊपर दबाव बना रहे हैं।*

# पेड़ काटने ने मना किया तो युवकों ने मजदूर की बेटी के साथ मारपीट की

## प्रजापति समाज ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

**सारंगपुर**। पुलिस थाना सारंगपुर अंतर्गत ग्राम बालोडी में दबंगों ने इतनी हद पार कर दी की गांव के मजदूर परिवार में निवास करने वाली दो बहनों ने दबंगों को शासकीय भूमि से पेड़ पौधे काटने ने मना किया तो पड़ोसी दबंग युवकों द्वारा उक्त प्रजापति समाज की दो बेटियों को पकड़ कर डंडे से पीटा और इस बीच बचाव में आई मां पर भी हमला कर दिया। इस घटना में दो बहन और मां सहित तीन को गंभीर चोटें आई,जिसका उपचार सारंगपुर के सिविल अस्पताल में हुआ ,वही इस मामले में पीड़ति परिवार द्वारा सारंगपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया । लेकिन पीड़ति पक्ष ने पुलिस पर नार्मल धारा में केस दर्ज करने का आरोप लगाया । जबकि महिला और लड़की को सिर में चोटें भी आई हैं साथ ही युवक एक लड़की को हाथ पकड़ कर डंडे से पिटता नजर आया जिसका पूरा विडियो मोबाईल में कैद हैं, ऐसे में सवाल उठता हैं जब शासन ने नया कानून लागू किया हैं तो उसका पुलिस को पालन भी करना चाहिए ऐसे में पीड़ति परिवार ने राजगढ़ सांसद रोड़मल नागर को अपने साथ हुई घटना की जानकारी से अवगत कराया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बालोड़ी में दिनांक 15 जुलाई सोमवार को भगवान सिंह प्रजापति के घर के सामने शासकीय भूमि पर लगे पेड़ो को दबंग परिवार के लोग पेड़ो को काट रहे थे,इस दौरान निशा प्रजापति, व मनीषा प्रजापति ने इन लोग से पेड़ काटने की मना किया तो ,उक्त दबंग नेपाल सिंह राजपूत,वीरेंद्र राजपूत द्वारा गाली गलौच करते हुए घर में घुस कर मनीषा,निशा और



माता गायत्री बाई प्रजापति को डंडे से पिट कर घर से बाहर लाकर रास्ते में भी झूमा झटकी की ओर हाथ पकड़ कर डंडे से पिटाई भी की,इस घटना में निशा प्रजापति ,मनीषा प्रजापति और मां गायत्री बाई प्रजापति के सिर में चोटें आई, ऐसे में आरोपियों द्वारा उक्त पीड़ति को धमकी दे कर गए की अगर हमारी रिपोर्ट की हैं तो जान से मार देंगे,अभी तो हमने पिटाई ही की हैं । इधर पीड़ति परिवार ने शासन प्रशासन से न्याय के लिए गुहार लगाई।वही प्रजापति समाज ने आरोपी युवकों पर शक्त कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया।

### इनका कहना है...

शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**संतोष बाघेला,** थाना प्रभारी सारंगपुर

# वनबीट के समीप से ही चोरी हो गई फेसिंग की जालियां, पोल भी क्षतिग्रस्त

## विभाग के अधिकारियों ने थाने में शिकायत तक नहीं की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वन विभाग के स्वामित्व की संपत्तियां धीरे-धीरे चोरी हो रही हैं। खोयरी रोड स्थित वन्यक्षेत्र को सुरक्षित रखने विभाग द्वारा करवाई गई फेंसिंग की जालियों को ही बदमाश चोरी करके ले गए हैं। करीब आधा किमी क्षेत्र की फेंसिंग की जालियां यहां चुरा ली गई हैं। ऐसे में वनक्षेत्र असुरक्षित हो गया है।

हैरत की बात तो यह है कि समीप ही वनविभाग के रेंजर का दफ्तर भी है। इसके बाद भी सड़क के किनारे-किनारे लगी फेंसिंगों की जालियों को चुरा लिया गया है। इतना ही नहीं फेंसिंग के पोलों को भी कहीं क्षतिग्रस्त कर दिया गया है तो कहीं पूरे ही खंबे चोरी हो गए हैं। इसके बाद भी विभाग द्वारा कार्रवाई के लिए पुलिस थाने किसी तरह का पत्राचार नहीं किया गया है। अगर इसी तरह विभाग की संपत्तियां चोरी होती गई तो समीप का पूरा वनक्षेत्र असुरक्षित होकर धीरे-धीरे कब्जेधारियों की चपेट में आ जाएगा।

### इनका कहना है

फेसिंग काफी पुरानी है। जालियां धीरे-धीरे टूटफूट गईं और उन्हें लोगों ने निकाल लिया। नई फेसिंग लगाने के लिए अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

**- देवकरण भिलाला,**
रेंजर, वन परिक्षेत्र, राजगढ़

### सुरक्षित भवनों में ही किया जाए संचालन

# वर्षाकाल में शाला भवनों के रख रखाव के लिए निर्देश जारी

**ब्यावरा**। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा 1 से 12 तक के सभी शालाओं के शाला प्रभारी, प्रधानाध्यापक, प्राचार्य को निर्देशित किया है कि शालाओं का संचालन सुदृढ़ एवं सुरक्षित भवनों में ही किया जाए। शाला परिसर अथवा निकट के शासकीय भवनों का उपयोग कर सकते है। किसी भी प्रकार से असुरक्षित कक्ष, भवन में शाला का संचालन करना गैर जिम्मेदाराना कृत्य है। यदि शाला परिसर में पुराना अनुपयोगी जीर्ण-शीर्ण भवन का ढांचा उपलब्ध है, तो उसे एसएमसी अथवा स्थानीय ग्राम पंचायत के माध्यम से हटवाना सुनिश्चित करें अथवा वर्तमान में ऐसे स्थान पर सूचना एवं चिंहाकित करें ताकि बच्चे एवं अन्य उसमें प्रवेश न करें। किसी भी प्रकार से अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। वर्षाकाल में छत से पानी का रिसाव होने की समस्या होती है। इसके निराकरण के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास एवं सुधार करके निराकरण किया जा सकता है। शाला में आकस्मिक निधि, रख रखाव निधि का आवंटन इसके लिए उपलब्ध है। निम्न व्यवस्था कर वर्षाकाल के दौरान शाला संचालन सफलता पूर्वक किया जा सकता है। भवन की छत पर सफाई करके पानी के बहाव को सरल करना। छत से पानी की निकासी सुनिश्चित हो। सीमेंट का घोल बनाकर ब्रॉडेड कंपनी का डेम्प प्रुफ पेंट से छत पर लिपाई, पुताई करवाना (ताकि हेयरकेक भर जाए)। जल अवरोधक प्लास्टिक शीट (मोटी पन्नी) पूरी छत पर बिछाकर पानी का बहाव छत से बाहर होना सुनिश्चित करना। भवन की आस-पास पानी का ठहराव नहीं हो इसके लिए साधारण नाली से पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित करें।

### प्रतिभा योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित, 30 तक करना होगा आवेदन

**ब्यावरा**। प्रतिभा योजनान्तर्गत एकेडमिक वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी जिन्होनें राष्ट्रीय प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कर मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय महाविद्यालय, एम्स अथवा एनडीए में प्रवेश लिया हो, वह विद्यार्थी प्रतिभा योजनान्तर्गत नियमानुसार प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकते है। एकेडमिक वर्ष 2023-24 में प्रवेशित विद्यार्थी के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। साथ ही आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 24 तथा एकेडमिक वर्ष 2024-25 में प्रवेशित विद्यार्थी के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 24 रहेगी। पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### छात्राओं को पढ़ाया भी

# बालिका छात्रावास का राज्य मंत्री टेटवाल ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा शिक्षा क्षेत्र में कई नए आयाम स्थापित करने के साथ ही समय समय पर स्कूल छात्रवास आदि का औचक निरीक्षण भी कराया जा रहा हैं। इसी कड़ी में अब जनप्रतिनिधि भी अपने क्षेत्र में जा रहे हैं इसी को लेकर गुरुवार को सारंगपुर विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कन्या शाला छात्रावास एवं स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को भी पढ़ाया। इस दौरान आचार्य सुशील व्यास सहित अन्य मौजूद थे।

# अपवाद फैलाने वाले के खिलाफ एसपी व कलेक्टर के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जमीते उलामा ऐ हिंद, उलामेएकराम, अजुमन कमेटी शाही जामा मस्जिद सारंगपुर के सदर एवं अंजुमन के सदस्य के नेतृत्व में एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम एसडीएम को सोपा एवं एक ज्ञापन एसपी के नाम पुलिस एस डी ओ पी को गुरुवार दोपहर में सोपा।

मुस्लिम समाज की प्रतिष्ठा धूमिल करने वा मुफती साहब से बतमीजी और पुरे तबलीगी जमात को भला बुरा कहा कट्टरपंथी और भडकाऊ भाषा का उपयोग न्यूज चैनल पर दिखाये। यह बात सादर अनजूमन आलिम बाबा ने बताई और मुस्लिम समाज सदर होने के नाते समाज में होने वाली घटनाओं की जानकारी एसडीएम सारंगपुर को दी समाज के जवाबदार पद होकर सूचना देना कर्तव्य है इस समय शहर के अंदर कुछ लोग बाहर से बुलवाकर लाते हे आये दिन प्रोग्राम करते रहते हैं और शहर की फिजा को बिगड़ने की कोशिश करते रहते हैं कुछ लोग शहर में गलत प्रोग्राम करना चाहते हैं यह सारी बातों की मुखालिफत अंजुमन करती है इसलिए वह लोग अंजुमन के मैबरो को बार-बार झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश करते हैं और झूठी न्यूज बनाकर लगाने की धमकियां देते हैं। इस लिए ज्ञापन दिया इस दौरान इमाम कारी अब्दुल रशीद, हाफिज इमरान, साजिद हाफिज, हाफिज हारून, सेक्रेटरी डॉक्टर रफीक शेख, जॉइंट सेकटी नवेद अली, रफीक भाई, हाफिज जावेद, साजिद हाफिज, आशिक मौलाना, आदि उलेमा शामिल थे।

# गुरुवार को फिर गोवंश काल के गाल में, एसडीएम ने निकाला सुरक्षा का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

कहने को तो नगर में गोशाला है और नगर सहित पूरे तहसील के अंतर्गत कई गोशाला है। लेकिन दर दर भटकता गौवंश अपने लिए आशियाना नही बना पा रहा हैं सुरक्षित गोवंश कैसे रहे इसकी किसी को कोई चिंता नहीं है। जिम्मेदार सरकारी आदेश गोपालक या किसान सब अपनी मस्ती में मस्त हैं गोवंश काल के गाल में जा रहा हैं लगातार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हो रही हैं। धरातल पर ऐसी कोई सड़क नगर या गांव की नही है जिस पर गोवंश नही दिख रहा हैं सड़क पर सुरक्षित आशियाना समझकर गोवंश बैठ जाता हैं और किसी वाहन की टक्कर से काल के गाल में समा जाता हैं। सड़को पर बैठे गोवंश के कारण आए दिन दुर्घटना भी होती रहती हैं जिसमें कई लोग घायल होकर अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। लेकिन स्थाई हल अभी तक नही हुआ है गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर कुछ गौभक्तो ने गोवंश की दुर्दशा को लेकर लिखा इसके तुरंत बाद अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर पालिका सीएमओ को गोवंश सुरक्षा के लिए नोटिस जारी किया नोटिस में पशु चिकित्सा विभाग को भी निर्देश दिया की स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश का समय पर घायल अवस्था में उपचार हो तथा उनको सुरक्षित स्थान पर छोड़ने में आगे आए। वहीं काल के गाल में समाई गौ माता की खबर के बाद ग्रामीणों ने ज्ञापन भी दिया है।

### सट्टा-जुआ के जाल में फंसते जा रहे युवा

**आनंदपुर**। आनंदपुर सहित क्षेत्र में छात्र-युवा सट्टा, जुआ, अवैध शराब, नशीले पदार्थो में दिनों दिन फंसते जा रहे हैं। पुलिस की मिली भगत से सट्टे का कारोबार बिना किसी डर के चल रहा है। अगर कोई विरोध करता है तो उन्हें भी डराने लगते हैं। पुलिस की शह पर सट्टे का खेल कटरा मोहल्ला में जोर सोर से खुलेआम चल रहा है। कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले अब काफी बुलंद हो गए हैं। खुलेआम सट्टा के खेल में युवा,छात्र और भोले भाले ग्रामीण दलदल में फंस रहे हैं। सट्टे का धंधा चलाने वाले आबाद, खेलने वाले युवा बर्बाद हो रहे। सट्टे के मकड़ जाल में फंसकर कई ग्रामों की युवा पीढ़ी बर्बाद हो चुकी है। फिर भी पुलिस सट्टे के खाईबाजों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### घर से भागे नाबालिग को ट्रेन से उतारा

# पढ़ाई से मन भरा इसलिए पंडा बनने मथुरा जा रहा था नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

ब्यावरा शहर निवासी 14 वर्षीय नाबालिग विगत दिवस अचानक घर से लापता हो गया था। काफी तलाश करने पर भी उसका पता नहीं लगने पर परिजनों ने थाने पहुंचकर अपहरण की आशंका जताई थी। इस नाबालिग को जीरापुर शिवपुरी पुलिस ने ट्रेन से उतारा। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि पढ़ाई से उसका मन भर गया इसलिए पंडा, पुजारी बनने वाले मथुरा जा रहा था।

बच्चे की सूचना ब्यावरा सिटी पुलिस को दी गई और षिवपुरी से उसे ब्यावरा लाकर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार आदर्ष नगर निवासी पवन पांडेय का 14 वर्षीय बेटा आनंद गत दिवस अचानक लापता हो गया था।

पता न लगने पर श्री पांडेय व परिजनों ने सिटी थाने पहुंचकर गुमषुगदमी की रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस बच्चे की तलाष कर ही रही थी इस दौरान उसकी लोकेषन षिवपुरी मिलने पर वहां की पुलिस व जीआरपी को एलर्ट किया गया। षिवपुरी जीआरपी ने बच्चे को एक टेन में पकड़ा। पूछताछ में बालक आनंद ने बताया कि उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता इसलिए घर में बगैर किसी को बताए पंडा बनने के लिए मथुरा जा रहा था।

# नगर में अखाड़ों और मातमी धुनों के साथ निकले गए 12 ताजिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

नगर में मोहर्रम माह के चांद देखने के बाद से 11 दिनों तक मुस्लिमसमुदाय द्वारा इमाम हुसैन की याद में शहादत का पर्व मनाया जाता है। मोहर्रम कमेटी के तत्वाधान में मोहर्रम की ग्यारहवीं तारीख पर अखाड़ों, मातमी धुनों व अकीदत के साथ मोहर्रम के ताजिए निकाले गए। गुरुवार को 11 बजे के करीब गांधी चौक बाजार से मोहर्रम का मातमी जुलूस अखाड़े,गाजे-बाजे,डीजे के साथ या अली,या हुसैन के नारों के साथ 12 ताजिए निकाले गए, जो पुरानी बस स्टैंड,इकलेरा चौराहा से होते हुए, बस स्टैंड पर रखे गये। रास्ते भर अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। नगर तलेन के अखाड़े सहित नगर व आसपास क्षेत्र से आए अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए।

नगर सहित आसपास से आए ग्रामीण अंचलों के मुस्लिम भाइयों का नगर वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इमाम हुसैन की याद में निकलने वाले ताजियों को बस स्टैंड पर रखकर मुस्लिम समाज जनों द्वारा लोबान, अगरबत्ती, गुड़ और शकर से बनी रेवड़ी चढ़ाई और मन्नते मांगी गई। मोहर्रम कमेटी द्वारा बस स्टैंड पर नायब तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी राम सिंह परिहार,खेमचंद जाट, अखाड़ों के उस्तादों वा ताजिएदारों का मोहर्रम कमेटी द्वारा साफा बांधकर इस्तकबाल किया गया।

### औचक निरीक्षण में बंद मिली राशन दुकान, सील किया

**राजगढ़**। विगत दिवस राजगढ़ एसडीएम गुलाब सिंह बघेल को शिकायत मिली थी कि कालीपीठ स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर आमजनों समय पर खाद्यान वितरण नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य लापरवाहियों की शिकायत भी हुई थी। एसडीएम ने गुरुवार को जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह को जांच के लिए निर्देषित किया। आपूर्ति अधिकारी ने निर्देषों को संज्ञान में लेते हुए जब कालीपीठ राशन दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे तो उन्हें वहां ताला लटका हुआ मिला। दुकान बंद पाए जाने पर दुकान विक्रेता ललित सौंधिया के इस कृत्य पर दुकान पर लगे ताले को सील्ड करने की कार्रवाई की गई। आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्रतिवेदन एसडीएम को सौंपा जाएगा।

# चोरी का खुलासा : गिरफ्तार आरोपी से आभूषण बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

थाना ब्यावरा सिटी पुलिस ने कस्बा से हुई एक बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल जप्त किया है।

थाना प्रभारी ब्यावरा शहर वीरेन्द्र सिंह धाकड़ ने बताया कि दिसम्बर 2023 में रात्रि को अवधपुरी कालोनी ब्यावरा में फरियादी रवि बडोने के घर में किन्ही अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 454, 380 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबिर तंत्र एवं संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सीडीआर व लोकेशन निकाली गई। 15 जुलाई को मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने बस स्टैंड ब्यावरा से आरोपी हेमंत पिता देवेंद्र सिंह राजपूत उम्र 37 साल निवासी जयसिंहपुरा थाना चाचैड़ा को हिरासत में लिया। आरोपी ने अपने सगे भाई सत्येंद्र राजपूत के साथ मिलकर दिसंबर 23 में अवधपुरी कॉलोनी ब्यावरा में रवि बड़ोने के घर में से सोने चांदी के आभूषण चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जोड़ चांदी की पायजेब, एक चांदी की करधौनी एवं चांदी की चैन को जप्त किया है, बाकी का सामान अपने भाई सत्येंद्र राजपूत के हिस्से में जाना बताया। आरोपी को न्यायालय पेश कर फरार आरोपी सत्येन्द्र राजपूत की तलाश की जा रही है।

### पड़ोनिया शक्ति केंद्र की हुई बैठक, किया पौधरोपण

**ब्यावरा**। विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा के भाजपा पीपलहेला मंडल के पड़ोनिया शक्ति केंद्र की बैठक ग्राम पंचायत बहादुरपुरा में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव रहे, अध्यक्षता सरपंच रामदयाल पालीवाल ने की। मंडल अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने स्वागत भाषण दिया। संचालन रामगोपाल दांगी महामंत्री ने किया। बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को बताया एवं एक पेड़ मां के नाम उपस्थितजनों ने लगाया।

### शैक्षिक संवर्ग की मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा 20 सूत्रीय ज्ञापन

**सारंगपुर**। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा सहायक शिक्षकों को चतुर्थ वेतनमान स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार जनजाति विभाग में कार्यरत शिक्षकों को उच्च पदभार प्रक्रिया प्रारंभ करने एजुकेशन पोर्टल शिक्षकों को अर्जित अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी को देने सहित विभिन्न मांगो को लेकर मंगलवार को शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को 20 सूत्रीय ज्ञापन दिया जिस पर मुख्यमंत्री ने शिक्षक संघ की सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन देते हुए संघ द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र शिक्षा छात्रहित के कार्यक्रमों की प्रशंसा की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## दो दिनों तक चलेगा कॅरियर मार्गदर्शन

**जावर।** शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में शासन के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए 21 जून से दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। जिसमें गुरुजन, साधु- संत, शिक्षाविद्, को आमंत्रित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ शासकीय महाविद्यालय जावर नगर के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा।

## गुरु पूर्णिमा पर किया जाएगा सम्मान

**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत दोराहा अंतर्गत गुरुवार को भाजपा के दोराहा मंडल की कामकाजी बैठक आयोजन किया गया। पाल वाले बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण में रखी गई इस बैठक गुरु पूर्णिमा पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम के लिए दिशा निर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी दिनों तक जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय और सीहोर विधानसभा के विधायक सुदेश राय के निर्देश पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आगामी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुजनों और वरिष्ठजनों के सम्मान की रूपरेखा तैयार की गई। सभी ग्राम पंचायतों में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलेगा।

### मुनिश्री विनंद सागर और ऐलक विनमित सागर महाराज का हुआ नगर प्रवेश

# मंदिर में मुनिश्री ने दिए आशीष वचन बोले चातुर्मास के दौरान पुण्य बढ़ाना है

मुनिश्री विनंद सागर महाराज और ऐलक विनमित सागर महाराज के नगर आगमन के दौरान कदम पर पग प्रक्षालन किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कुछ लोग भाग्यशाली और कुछ लोग सौभाग्यशाली होते हैं। कुछ लोग दुकान पर बैठे- बैठे ही अपने सामने आए भगवान की शोभायात्रा एवं गुरुजनों के दर्शन कर लेते हैं ,वह भाग्यशाली हैं और जो भगवान की शोभायात्रा में शामिल होने के साथ ही पाग प्रक्षालन कर साथ चलते हैं वह परम सौभाग्यशाली होते हैं,वे अपना पुण्य अर्जन और बढ़ाते हैं। आष्टा धरा का पुण्य है, इसलिए गुरु ने आष्टा चातुर्मास हेतु भेजा है। हम कितना भी चाहे वही कदम बढ़ते हैं, जहां का दाना पानी और पूज्य गुरुदेव का आदेश लिखा है।आप सभी को चातुर्मास के दौरान पुण्य बढ़ाना है।

उक्त बातें आचार्य 108 विनम्र सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 विनंद सागर महाराज ने चातुर्मास हेतु नगर प्रवेश के पश्चात श्री अरिहंत पुरम अलीपुर स्थित श्री चंद्र प्रभ मंदिर परिसर में आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा घर में बहू रुपी लक्ष्मी आने पर वह सौभाग्यशाली हो जाती है। धर्म में आगे बढ़ाने वाली धर्मपत्नी कहलाती है। आपने चेलना का उदाहरण दिया,कि उसने अपनी भक्ति व तपस्या से पति का कोढ़ रोग ठीक किया। मुनिश्री विनंद सागर महाराज ने कहा गुरुदेव के चरण आपके घर पढ़ें और आहार हो जाएं आपके अहो भाग्य,गुरु की जुबान पर आपका नाम आए वह सौभाग्यशाली रहते हैं। पावन चातुर्मास के पुण्य की बैला में अधिक से अधिक पुण्य अर्जन करें, गुरुदेव की कृपा -अनुकंपा से हम आष्टा आएं हैं, हमारी इच्छा भोपाल में चातुर्मास करने की थी, लेकिन आष्टा वालों के भाग्य प्रबल थे।

चातुर्मास में ज्ञान की गंगा बहाएंगे। जिनवाणी और पिच्छिका कमंडल के अलावा हमारे पास कुछ नहीं है, जिनवाणी श्रवण कराएंगे। मुनिश्री ने कहा ज्ञानी जीव की सोच अलग रहती है,वह किसी के जाने या वस्तु समाप्त होने पर सोचते हैं कि इतना ही संयोग था। भक्ति की गंगा बहाने अरिहंत पुरम आएं हैं। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की जिस भक्ति से मानतुंगाचार्य के 48 ताले खुल गए थे। उसी भक्तांबर पाठ का शुद्ध उच्चारण कराया जाएगा। जिसने भक्तांबर जी पाठ संस्कृत में सीख लिया वह सभी पाठों आदि का शुद्ध उच्चारण कर लेते हैं।

भगवान की सच्ची स्तुति से सारे पाप एक क्षण में नष्ट हो जाते हैं।ऐसी भक्ति चातुर्मास के दौरान होगी। सौभाग्य को महासौभाग्य में बदलना है। बड़े बाबा आदिनाथ भगवान,संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज आदि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन समस्त व्रतियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के काफी संख्या में श्रावक -श्राविकाएं उपस्थित थे। बायपास से नगर प्रवेश मुनि संघ का हुआ और अलीपुर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जुलूस अलीपुर मंदिर पहुंचा। कदम-कदम पर पग प्रक्षालन किया गया।

# योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर हुई बैठक

**विधायक ने बैठक में दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

शुक्रवार को विधायक सुदेश राय, अनुविभागीय अधिकारी तन्मय वर्मा, तहसीलदार श्यामपुर श्यामनंदन चंदेले, दोराहा तहसीलदार अर्पित मेहता, नायब तहसीलदार अहमदपुर धनजी मालवीय, सरपंच श्यामपुर नवीन चौहान द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर श्यामपुर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के उपरांत विधायक द्वारा जनहित में चल रही समस्त योजनाओं और हो रहे नवनिर्माण के सम्बंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की गई। इसके अतिरिक्त राजस्व महाअभियान 2.0 के संबंध में राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की भी बैठक ली। गई। उक्त बैठक में अनुविभागीय अधिकारी सीहोर, श्यामपुर तहसीलदार, दोराहा तहसीलदार, नायब तहसीलदार अहमदपुर, समस्त पटवारी तहसील श्यामपुर व दोराहा, जनपद पंचायत सीइओ, स्वास्थ्य विभाग, लोकनिर्माण विभाग, महिला बाल विकास विभाग, एनएचएआई, बिजली विभाग के अधिकारीगण और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 144 ग्राम पंचायत और 295 ग्रामों में पानी से भरे गड्ढों में डाली ऑयल बॉल

**आष्टा।** जिला कलेक्टर सीहोर द्वारा विशेष निर्देश व जिला मलेरिया अधिकारी के मार्गदर्शन में आस्था आष्टा ब्लॉक के 144 ग्राम पंचायत और 295 ग्रामों में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता के सहयोग से स्थाई रूप से भरे हुए गड्ढों पोखर व नगर पालिका के परिक्षेत्र में भारी प्लाटो नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से आईल बाल डाली गई। यह तेल वॉल से पानी में पनप रहे डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया के लार्वा पानी की सतह पर लेयर बन जाने के कारण समाप्त हो जाएंगे यह तेल बाल लकड़ी के बुरादा कपड़ा की बोल बनाकर जले हुए तेल में डालकर बनाई गई है यह मच्छरों को पनपना से रोकने हेतु बहुत ही सफलतम पद्धति है बीमारियों से रोकथाम के लिए इस कार्यक्रम का शुभारंभ आस्था के माननीय क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर साहब एवं नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर राय सिंह मेवाडा जी एवं पार्षद रवि शर्मा एवं नगरवासीयो की उपस्थिति में सेमनारी रोड साचोरा कॉलोनी मैं स्थिर भरे पानी वाले स्थानों पर तेल बाल डालकर प्रारंभ किया गया विकासखंड चिकित्सा का अधिकारी द्वारा बताया गया कि पुर विकासखंड में समस्त ग्रामों में एवं नगरी क्षेत्र में इस प्रकार की संयुक्त गतिविधि प्रारंभ की गई है एवं यह गतिविधि 15 दिवस उपरांत पुनः दोहरावी जावेगी। ऑयल बाल के उपयोग से मच्छरों से निजात मिलेगी, इसी के साथ ही बीमारियों से भी मुक्ति मिलेगी।

# बारिश के बीच निकला जुलूस, हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाले ताजिया, रात में भी की जियारत





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुस्लिम समाज का मोहर्रम का 10 दिन तक चलने वाले मातम के त्यौहार का गुरुवार को समापन जुलूस भव्य रूप से जुम्मापुरा, काजीपुरा मोहर्रम कमेटियों द्वारा निकाला गया। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम अकीदत के साथ बनाए ताजियों की रात में भी की जियारत। लोगों ने मन्नत मांग कर पड़ी फातिहा, रोजा भी रखा। कर्बला में सम्मान के साथ ताजियों को किया ठंडा।

मोहर्रम का जुलूस अली चौक पुराना बसस्टैंड से प्रारंभ हुआ ,जो पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार होता हुआ गंज चौराहा पर पहुंचा और यहां पर अचानक मौसम बदलने के साथ ही झमाझम बारिश शुरू हो गई।यह बारिश मोहर्रम के जुलूस में शामिल लोगों और अखाड़ा के कलाकारों का उत्साह कम नहीं कर पाई। अखाड़ा के कलाकारों ने बरसते पानी में ही अपनी कला का प्रदर्शन जमकर किया। गल चौराहा पर नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर मोहर्रम कमेटियों के सदरों व अन्य प्रतिनिधियों का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित पार्षदगणों ने साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। जुलूस में दुलदुल बाबा, बुर्राक व आकर्षक ताजिये थे, वहीं बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाजन डीजे व नगाड़ा बजाते चल रहे थे। पुलिस और प्रशासन जुलूस में व्यवस्था बनाए रखे थे। नगरपालिका द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा जुम्मापुरा मोहर्रम कमेटी के पार्षद जाहिद गुड्डू, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, कमरूद्दीन खां, अतीक खां, नवाब बैरी, नफीस शाह, चांद खां, आमीर खां, सनव्वर खां, प्यारे खां, बबलू खां, फिरोज खां, अय्यूब खां, अरबाज खां, आजम खां, चांद खां, पप्पू खां आदि का साफा बांधकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि मोहर्रम के पर्व पर अधिक से अधिक इबादत और नेक कार्य करने पर जोर दिया जाता है। पर्व के दौरान ताजिए बनाकर निकाले जाने, अखाड़े और अलम निकालने की भी परंपरा है। देश ही नहीं दुनियाभर में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मोहर्रम पर्व मनाया जाता है। ईमाम हुसैन की याद में दुनियाभर में बसने वाले मुस्लिमजन मोहर्रम पर्व को मनाते आ रहे हैं। हमारा आष्टा नगर आपसी भाईचारे का प्रतीक है, क्योंकि यहां पर हिंदू समाज के व्यक्ति भी वर्षों से ताजिया बनाते आ रहें हैं। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि हमारा भारत देश सर्वधर्म सम्भाव की भावना रखने वाला देश है, हिन्दू-मुस्लिम, सीख-इसाई सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे व साम्प्रदायिक सौहार्द्र के साथ अपने-अपने त्यौहारों को उत्साह के साथ मनाते है और एक -दूसरे के त्यौहार में शामिल भी होते हैं।

हमारे आस्थावान नगर आष्टा की गंगा-जुमना तहजीब रही है, जहां हिन्दुओं के त्यौहार के समय निकलने वाले जुलूस का मुस्लिम धर्मावलंबीजन स्वागत -सम्मान करते है, वहीं मुस्लिम धर्मावलंबियों के त्यौहार के दौरान निकलने वाले जुलूस का हिन्दू भाई आपसी भाईचारे की मिसाल देते हुए स्वागत -सम्मान करते है। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, अरशद अली, सुभाष नामदेव, जाहिद गुड्डू, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, यश छाजेड़, विजय मेवाड़ा, गबू सोनी, आशीष बैरागी, आकाश चौहान, राहुल विश्वकर्मा, कुलदीप सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आस्था ही नगर की शक्ति : तुलछाराम महाराज




**आष्टा।** अच्छे संकल्प के लिए पालन हारा प्रभु मन से मदद करता है। आष्टा की आस्था ही यहां की शक्ति है। सभी यहां के निवासी हमेशा प्रभु में विश्वास बनाएं रखें। सभी का प्रभु हमेशा कल्याण करेंगे। यह बातें आसोतरा राजस्थान में प्राचीन काल से स्थापित खेतेश्वर ब्रह्म धाम के पीठाधीश्वर तुलछाराम महाराज ने कहीं। वह अपने अनुयायियों के साथ चातुर्मास हेतु अमरकंटक जाते हुए स्थानीय भक्त राजपुरोहित बीकानेर परिवार के आग्रह पर पधारें। राठौर धर्मशाला में पड़ाव डाले महाराजश्री का स्थानीय नागरिकों ने शाल व श्रीफल से स्वागत किया। इस दौरान महाराज ने पिछले वर्ष कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा का प्रसंग बताया। पूर्व नपाध्यक्ष परमार ने अंचल आष्टा में सुख-समृद्धि शांति हेतु महाराज से आशीष की कामना की। आयोजक राज पुरोहित परिवार के मेहताब सिंह ने अपने परिजनों के साथ सभी का आभार व्यक्त किया।

# रूस की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर तिरंगा फहराने का सपना लिए प्रीति व चेतन होंगे रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हौसलों की उड़ान सच्ची हो तो सफलता कदम चूमती है। विकासखंड के गांव मुल्लानी मंगलपुर की एक मध्यम परिवार की बेटी प्रीति विक्रम सिंह परमार, जिसकी उम्र 12 साल है। जो कक्षा 8 वीं की छात्रा है। प्रीति विक्रम सिंह परमार व चचेरे भाई चेतन परमार का यूरोप में रूस की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर चढ़ाई करने के लिए चयन हुआ है, जो 7 अगस्त को रवाना होंगे। बता दें कि इन दोनों के सामने इस अभियान के खर्च के रुपए को लेकर आर्थिक परेशानी का पहाड़ पार करना अर्थात करीब 6.50 लाख की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती बना था। बुलंद हौसलों की उक्त बेटी प्रीति व भाई चेतन परमार ने इस समस्या को लेकर मप्र सरकार, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के यहां दस्तक देकर आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। 4 लाख के चैक सौंपे बेटी प्रीति के हौंसले को देखते हुए व हिन्दुस्तान की आन, बान, शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को बेटी प्रीति ओर चेतन परमार रूस की सबसे ऊंची चोटी 18 हजार 510 फीट पर लहराएं, इसको लेकर आष्टा विधायक ने बेटी का सपना पूरा हो इसके लिए शासन स्तर पर विशेष प्रयास किए। मप्र सरकार से 4 लाख रुपए की स्वीकृति कराई ओर गुरुवार को विधायक कार्यालय पर प्रीति को स्वीकृत आर्थिक सहायता का चैक विधायक द्वारा सौंपे गए।

### मालीपुर में श्री ब्रह्मानंद जनसेवा संघ का हो रहा पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# पाप करो या पुण्य, हजारों गुना वापस मिलते हैं: कृष्णा मां





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल-इंदौर बाइपास मार्ग पर मालीपुर में श्री ब्रह्मानंद जन सेवा संघ 5 दिवसीय गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव का आयोजन करा रहा है। गुरुवार को कृष्णा मां के सत्संग में हजारों भक्त शामिल हुए। सत्संग में कृष्णा मां ने कहा कि पाप करो या पुण्य करो भविष्य में हजारों गुना लौटकर आता है। एक प्रसंग के माध्यम से मां ने बताया कि एक समय एक संत नदी में नहा रहे थे।

पानी के तेज बहाव से उनकी लंगोट बह गई उसी समय द्रोपती का वहां से निकलना हुआ। उन्होंने इस घटना को देखकर संत की मदद की और अपनी साड़ी का एक पल्लू फाड़ कर संत को दिया जिसे बांधकर संत नदी से बाहर आए। भविष्य में चीर हरण के समय वही साड़ी का एक छोटा सा टुकड़ा साड़ी के रूप में हजारों गुना लौट कर आया था। शास्त्र कहते हैं कि यदि हमने पुण्य किया है, तो उसे भविष्य के लिए छोड़ दें। ताकि वह हमें हजारों गुना बढ़कर मिले और यदि पाप किया है, तो उसका तुरंत अपने गुरु और भगवान के समक्ष प्रायश्चित कर लेना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया तो यह पाप भविष्य में हजारों गुना बढ़ जाएगा, जिसका परिणाम भयानक होगा। अच्छे कर्म विपत्ति के समय हमारी सहायता करते हैं। कृष्णा मां ने कहा कि विपत्ति के समय हमारे किए गए पुण्य कर्म ही काम आते हैं।

अच्छे कर्म विपत्ति के समय हमारी सहायता करते हैं। इसलिए जब भी हमारे जीवन में मुसीबत आए। हमें हमारे गुरु और भगवान को याद करना चाहिए। एक उदाहरण से कृष्णा मां ने कहा कि एक पपीहा पेड़ पर बैठा था। नीचे से शिकारी निशाना लगाए बैठा था। ऊपर बाज की नजर भी पपीहे पर थी। ऐसी स्थिति में पपीहा घबराया और उसने अपने भगवान को पुकारा उसी समय पेड़ की कोटर से एक सर्प निकला जिसने शिकारी को काट लिया और शिकारी का निशाना चूक गया और पपीहे की जगह तीर बाज को लग गया। इस तरह पपीहे की जान बच गई। सत्संग में कृष्ण मां ने आगे कहा कि व्यक्ति हमेशा कहता है कि अभी तो बहुत समय है, जब समय मिलेगा तब सत्संग, भजन, दान पुण्य करूंगा। लेकिन व्यक्ति को वृद्धावस्था तक समय नहीं मिलता है और वह समय कभी नहीं आता। इसलिए जो हमारा जीवन बचा है, उसे परमात्मा के नाम में, भगवत प्राप्ति में, समाज सेवा, परमार्थ के कार्यो में व्यतीत करें। समय वापस लौटकर नहीं आता। कहा भी गया है कि जो बीत गई सो बीत गई तकदीर का शिकवा कौन करें। जो तीर कमान से निकल गया उसे तीर का पीछा कौन करें।

# ग्राम भारती शिक्षा समिति की जिला बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर की जिला बैठक टिगरिया विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम मां सरस्वती, प्रणवाक्षर ॐ, भारतमाता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में उपस्थित अतिथि निखिलेश महेश्वरी संगठन मंत्रीजी, चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख, रामदयाल लहरपुरे भाग प्रमुख भोपाल, अनारसिंह राठौर अध्यक्ष ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर, रामबाबू नागर जिला प्रमुख सीहोर, सर्वप्रथम जिला प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक हुई। सीहोर जिले के 6 संकुल 1 टिगरिया, 2 कजलास, 3 खजुरिया राम, 4 महोडिया, 5 सुकरवास, 6 तिनोनिया के 32 सरस्वती शिशु मंदिर से 28 प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा हुई जिससे कि विद्यालय में छात्र संख्या बड़े, विद्यालय सर्व सुविधा युक्त बने, उत्तम शिक्षण हो जिससे की श्रेष्ठ परिणाम आए और भैया बहन अच्छे एवं सफल नागरिक बने, बैठक के पश्चात सभी को संयोजक मंडल की तरफ से एक-एक शाफी भेंट की गई। उसके पश्चात अभिभावक गोष्ठी हुई इसके बाद स्थानीय विद्यालय के आचार्य मंडल के साथ बैठक हुई ततपस्यात वृक्षारोपण हुआ। पूर्वछात्र के घर चाय नाश्ते की व्यवस्था हुई।